# AAJ

आज 16/7/20

## नियमित पढ़ायी सफलता का मूल मंत्र-ज्योत्सना



कानपुर,15 जुलाई। शहर में दूसरे स्थान पर रहीं सर पदमपत सिंहानिया एजूकेशन सेंटर की मेधावी छात्रा ज्योत्सना मिश्रा का मानना है कि नियमित पढ़ायी ही सफलता का मूल मंत्र है। इस मंत्र के सहारे ही जीवन के शिखर पर पहुंचा जा सकता है। विकास नगर निवासी पीएनबी में एजीएम प्रभात मिश्रा एवं डीबीएस कालेज में असिस्टेंट प्रोफेसर अंजलि मिश्रा की बेटी ज्योत्सना मिश्रा ने 98.6 फीसदी प्राप्त कर शहर में दूसरा एवं विद्यालय टॉपर होने का गौरव प्राप्त किया है। ज्योत्सना मिश्रा ने अंग्रेजी में 99,हिंदी में 98,मैथ में 99,साइंस में 99 तथा सोशल साइंस में 98 अंक प्राप्त किये हैं। च्योत्सना ने फलता का श्रेय पैरेंट्स एवं टीचरों को दिया है। ज्योत्सना मिश्रा के मुताबिक उसका सपना क्लैट क्वालीफाई कर कार्पोरेट लॉयर के साथ जुडीशियरी में जाना है। ज्योत्सना मिश्रा का मानना है कि यदि दृढ़ निश्चय के साथ सकारात्मक दिशा में किया गया परीश्रम व्यर्थ नहीं जाता।



मानिका दीक्षित 94.2% (सर पदमपत)



सर पदमपत सिंघानिया स्कूल में जश्न मनाते मेधावी।

## सर पदमपत सिंघानिया एजू. सेंटर का दबदबा कायम

कानपुर,15 जुलाई। सर पदमपत सिंघानिया एजूकेशन सेंटर की मेधावी ज्योत्सना मिश्रा ने दसवीं में 98.6 फीसदी अंक प्राप्त कर शहर व विद्यालय में दूसरे स्थान पर व स्कूल में अव्वल रहीं है। विद्यालय की चेयर पर्सन मनोरमा गोविंद हरि सिंघानिया, वाईस चेअरमैन अभिषेक सिंघानिया, वाईस चेयर परसन वर्षा सिंघानिया एवं निदेशक एन पी. अग्रवाल ने सभी सफल मेधाविंयों को बधाई दी है। प्रधानाचार्या भावना गुप्ता के मुताबिक अक्षत अग्रवाल ने 98.2 फीसदी अंक प्राप्त कर विद्यालय में दूसरा तथा शिवांश चौधरी ने 97.4 फीसदी के साथ तीसरा स्थान प्राप्त किया है।

# I-NEXT

# कानपुर के बच्चे, सबसे अच्छे

inext

16/7/2020



## 7 घंटे रोजाना पढ़ाई कर पाई सफलता

किसी एग्जाम में सफलता के लिए जरूरी है रोज कई घंटे पढ़ाई करना. मैंने भी दिन में सात घंटे तक पढ़ाई की. केवल एग्जाम टाइम पढ़ाई करने से अच्छा है टाइम टेबल बनाकर पढ़ाई करें. हाईस्कूल के बाद अब ह्मियूनिटीस से आगे की पढ़ाई करनी है. मुझे नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी से पढ़ाई कर कॉर्पोरेट लॉयर बनना है. मुझे फैंटेसी स्टोरीज वाली किताबें पढ़ना और गाने सुनना भाता है. खेल में बैडमिंटन पसंद है. मेरे पिता प्रभात मिश्रा लखनऊ में पंजाब नेशनल बैंक में एजीएम हैं, जबकि माता अंजली मिश्रा डीबीएस कॉलेज में सहायक प्रोफेसर हैं.

**ज्योत्सना, 98.6%,**

**स्कूल :** सरपदमपत सिंहानिया

**सब्जेक्ट वाइस मार्क्स**

| | |
|---|---|
| इंग्लिश | 99 |
| हिंदी | 98 |
| मैथ | 99 |
| साइंस | 99 |
| [illegible] | [illegible] |

आईआईटी तो किसी को में है उड़ना



## पदमपत का फिर लहराया परचम

सर पदमपत सिंहानिया एजुकेशन सेंटर के स्टूडेंट्स ने सीबीएसई बोर्ड के 10वीं के रिजल्ट्स में फिर परचम लहराया. 10वीं में पढ़ने वाले 233 स्टूडेंट्स को सफलता मिली. 77 स्टूडेंट्स ने 90 परसेंट से ज्यादा नंबर पाए. जबकि 21 स्टूडेंट्स ने 95 परसेंट से ज्यादा नंबर स्कोर किए. स्कूल में पढ़ने वाली ज्योत्सना मिश्रा और अक्षत अग्रवाल सिटी टॉपर्स में शामिल रहे. प्रिंसिपल भावना गुप्ता ने सभी सफल स्टूडेंट्स को उनके आगे के भविष्य के लिए बधाई दी और 12वी में और बेहतर परिणाम देने के लिए मोटीवेट किया.

kanpur@inext.co.in

**KANPUR (15 July):** सीबीएसई 10 के नतीजों में कानपुर के स्टूडेंट्स ने एक बार अपने हुनर का जलवा दिखाया. सफलता के मामले में यूपी में कानपुर नंबर वन रहा. श्याम नगर स्थिति आर्चीस हायर सेकेंडरी स्कूल की स्टूडेंट शिखा ठाकुर ने सबसे अधिक 98.8 परसेंट मार्क्स प्राप्त कर सिटी में सबसे आग रहीं. वहीं सनातन धर्म एजुकेशन सेंटर के अभय त्रिपाठी और सर पद्मपद सिंघानिया एजुकेशन सेंटर की स्टूडेंट ज्योत्सना मिश्रा ने भी 98.6 परसेंट मार्क्स पाकर अपना और अपने स्कूल का मान बढ़ाया.

# HINDUSTAN

हिन्दुस्तान 04
कानपुर • गुरुवार • 16 जुलाई 2020



...का इजहार किया। वहीं सर पदमपत सिंहानिया एजुकेशन सेंटर के सफल बच्चे रिजल्ट आने के बाद मास्क लगाकर स्कूल पहुंचे।

## छू लिया आसमां

कानपुर | वरिष्ठ संवाददाता

सीबीएसई 10वीं का रिजल्ट बुधवार दोपहर बाद घोषित हुआ तो स्कूलों के कैंपस एक बार फिर गुलजार हो गए। लंबे समय से स्कूल न जा पा रहे इन बच्चों ने यहां अपनी सफलता का दोहरा जश्न मनाया। चेहरों पर मुस्कान लौट आई। इस बात का भी इन्हें संतोष था कि उनकी पूरी परीक्षाएं हो चुकी थीं। सफलता में औसत अंकों की हिस्सेदारी नहीं थी। हां, अंकों की बरसात नहीं हुई। बोर्ड के परिणाम पर गौर करें तो मेरिट और ओवरआल रिजल्ट में हमेशा दबदबा कायम रखने वाले स्कूल पीछे रह गए और नए स्कूलों का परिणाम बेहतर रहा।

आर्चीज हायर सेकेंड्री की स्कूल की शिखा ठाकुर ने 98.8 फीसदी अंक हासिल कर शहर में शीर्ष स्थान प्राप्त किया। सर पद्मपत सिंहानिया एजुकेशन सेंटर की ज्योत्सना और सनातन धर्म एजुकेशन सेंटर के अभय त्रिपाठी ने 98.6 फीसदी अंक हासिल कर सेकेंड टॉपर बने। डीपीएस कल्याणपुर की शोखी गुप्ता और डॉ. वीरेंद्र स्वरूप, पनकी के अविरल शर्मा 98.4 फीसदी अंकों के साथ नगर की मेरिट में तीसरे स्थान पर रहे। मेरिट में आर्मी पब्लिक स्कूल की अनुष्का त्रिपाठी, पद्मपत सिंहानिया के अक्षत अग्रवाल, पीवीएन के आदित्य मोदी, दीनदयाल के कुदंन कुमार ने चौथा स्थान हासिल किया।

### कम हुई धमक

सीबीएसई 10वीं की मेरिट में हमेशा स्थान पाने वाले नामचीन स्कूलों की धमक इस बार पहले जैसी नहीं सुनाई दी। वहीं, मेन स्ट्रीम से अलग रहने वाले विद्यालयों ने मेरिट में ही नहीं बल्कि ओवरऑल रिजल्ट में अपना दबदबा बनाने में सफलता हासिल की। वहीं सीबीएसई 10वीं में वर्ष 2019 में टॉपर छात्रा को 99.20 फीसदी अंक मिले थे लेकिन इस बार टॉपर तो छात्रा ही रही लेकिन प्रतिशत 98.8 फीसदी रहा।

### इस बार हुई हार्ड मॉर्किंग

ऐसा पहली बार हुआ जब सीबीएसई 10वीं में 95 फीसदी लाने के लाले पड़ गए। 10 फीसदी से भी कम छात्र-छात्राओं को 95 फीसदी या इससे अधिक अंक मिल सके। 90 फीसदी से अधिक अंक लाना भी इस बार आसान नहीं रहा। स्कूलों का मानना है कि हाईस्कूल के छात्रों के मूल्यांकन में हार्डमार्किंग रही।

### कैंपसों में उल्लास

सर पद्मपत सिंहानिया एजुकेशन सेंटर, सनातन धर्म एजुकेशन सेंटर, आर्चीज हायर सेकेंड्री स्कूल, डीपीएस कल्याणपुर, डीपीएस आजाद नगर, बर्रा, ऑक्सफोर्ड मॉडल, गुरुनानक मॉडर्न स्कूल, गुरुनानक सुंदर नगर, एलन हाउस समेत अनेक विद्यालयों के कैंपसों में उल्लास फूटा। इसी तरह केंद्रीय विद्यालयों और आर्मी स्कूल में भी खुशी का माहौल दिखा।

## उत्साहित हमारे टापर्स



हमें कभी हार नहीं माननी चाहिए

टॉपर 2nd

## जज बनकर लोगों को इंसाफ दिलाने का सपना : ज्योत्स्ना

कानपुर की सेकेंड टॉपर ज्योत्स्ना मिश्रा जज बनना चाहती हैं। उन्होंने अपने स्कूल सर पदमपत सिंहानिया एजुकेशन सेंटर टॉप किया है। उसने 98.6 फीसदी अंक हासिल किए हैं। विकास नगर में रहने वाली ज्योत्स्ना के पिता प्रभात मिश्रा लखनऊ में पीएनबी में एजीएम हैं। मां, अंजलि मिश्रा डीबीएस कॉलेज में केमिस्ट्री विभाग में प्रोफेसर हैं। ज्योत्स्ना का कहना है कि कोर्ट मुकदमों से दबी है। करप्शन भी काफी है। इसमें परिवर्तन करने का ही इरादा है। किताबें पढ़ने और गाने की शौकीन ज्योत्स्ना मानती हैं कि हर परेशानी का हल होता है, कभी हारना नहीं चाहिए और लड़ना चाहिए। ज्योत्सना ने कहा कि ऑनलाइन पढ़ाई मजबूरी में ठीक है। सामान्य दौर में स्कूल-कॉलेज में पढ़ाई होना ही ठीक है।

अंक - अंग्रेजी (99), गणित (99), हिन्दी (98), एसएसटी (98), साइंस (99) व कंप्यूटर (100)।

## शिखा ठाकुर बनी कानपुर टॉपर, ज्योत्सना और अभय रहे दूसरे स्थान पर

कानपुर। सीबीएसई 10वीं के बुधवार को घोषित हुए परिणाम में न सिर्फ बेटियां फिर आगे निकली बल्कि शहर की मेरिट में शीर्ष स्थान बनाए रखने का क्रम बरकरार रखा। आर्चीज हायर सेकेंड्री स्कूल, श्यामनगर की छात्रा शिखा ठाकुर ने 98.8% अंक हासिल कर शहर का गौरव बढ़ाया। मेरिट में दूसरे स्थान पर सर पद्मपत सिहानिया की ज्योत्सना व सनातन धर्म एजुकेशन सेंटर के अभय त्रिपाठी 98.6% अंकों के साथ दूसरे स्थान पर रहे। डीपीएस कल्याणपुर की शोखी गुप्ता और डॉ. वीरेंद्र स्वरूप पनकी के अविरल शर्मा 98.4% अंकों के साथ संयुक्त रूप से तीसरे स्थान पर रहे।



शिखा ठाकुर
98.8%
आर्चीज हायर सेकेंड्री स्कूल



ज्योत्सना
98.6%
सर पद्मपत सिंहानिया



अभय त्रिपाठी
98.6%
सनातन धर्म एजुकेशन

### मोदी और योगी ने दी बधाई

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ ही यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सीबीएसई 10वीं की परीक्षा में सफल छात्र-छात्राओं को बधाई दी है। उन्होंने विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की मंगलकामना की है। राज्यपाल आनंदी बेन पटेल, डिप्टी सीएम डॉ. दिनेश शर्मा व डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने भी छात्र-छात्रों को उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी हैं।

**89.12%** बच्चे 10वीं में पास हुए प्रयागराज रीजन में इस बार

## बनना है कॉरपोरेट लॉयर

टॉपर 4th

कॉरपोरेट लॉयर बनकर भविष्य संवारना है। यह कहना है सर पद्मपत सिंहानिया एजुकेशन सेंटर के सेकेंडर टॉपर व जिले के फोर्थ टॉपर अक्षत अग्रवाल का। अक्षत ने 98.2 फीसदी अंक अर्जित किए हैं। स्वरूप नगर में रहने वाले अक्षत के पिता अखिल अग्रवाल बिजनेसमैन हैं और मां निमिष शिक्षिका हैं। अक्षत ने बताया कि वह कॉर्पोरेट लॉयर के साथ ड्रामा में भी हाथ आजमाना चाहता है।



# RASHTRIYA SAHARA



16/7/2020

संक्षिप्त खबरें

## ज्योत्स्ना और अभय को मिले 98.6 फीसद अंक





कानपुर। सीबीएसई 10वीं के बुधवार को घोषित परीक्षा परिणाम में सर पदमपत सिंहानिया एजुकेशन सेंटर की ज्योत्स्ना मिश्रा और श्री सनातन धर्म एजुकेशन सेन्टर के अभय त्रिपाठी ने 98.6 फीसद अंक हासिल किये। इसी तरह जनपद में बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं ने 95 से लेकर 98 फीसद तक अंक हासिल किये। सर पदमपत सिंहानिया एजुकेशन सेन्टर की प्रधानाचार्या भावना गुप्ता ने बताया कि विद्यालय की छात्रा ज्योत्स्ना मिश्रा बेस्ट पांच विषयों में 98.6 और कंप्यूटर मिला कर सभी छह विषयों में 99 फीसद अंक हासिल किये। इसी तरह श्री सनातन धर्म सरस्वती एजूकेशन सेन्टर की प्रधानाचार्या शोभा दास व प्रबंधक राजीव सोनी ने बताया कि विद्यालय के छात्र अभय त्रिपाठी ने बेस्ट पांच विषयों में 98.6 फीसद अंक हासिल किये। ज्योत्स्ना व अभय को लेकर उनके विद्यालयों का दावा है कि वह जनपद में पहले स्थान पर हैं। वहीं, सीबीएसई कोऑर्डिनेटर बलविन्दर सिंह ने बताया कि सीबीएसई ने देश से लेकर राज्य या रीजन स्तर पर इस बार मेरिट सूची जारी नहीं की है। ऐसे में स्कूलों के अपने-अपने दावे हो सकते हैं, जिन्हें लेकर उन्होंने टिप्पणी करने से इनकार कर दिया।

## पदमपत के विद्यार्थियों ने लहराया परचम



कानपुर। सर पदमपत सिंहानिया एजुकेशन सेन्टर के विद्यार्थियों ने सीबीएसई 10वीं की परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। विद्यालय की प्रधानाचार्या भावना गुप्ता ने बताया कि छात्रा ज्योत्सना मिश्रा ने 98.6 और अक्षत अग्रवाल ने 98.2 फीसद अंक हासिल किये। इनके अलावा शिवांशी चौधरी ने 97.4, शिखर अग्रवाल ने 96.6 और यश गुप्ता ने 96.6 फीसद अंक हासिल कर मेधा का प्रदर्शन किया। विद्यालय के 21 विद्यार्थियों ने 95 फीसद से अधिक और 77 ने 90 फीसद से अधिक अंक हासिल किये।

## मनिका को मिले 94.2 फीसद अंक



कानपुर। सर पदमपत सिंहानिया एजूकेशन सेन्टर की छात्रा मनिका दीक्षित ने मेधा का प्रदर्शन करते हुए सीबीएसई 10वीं की परीक्षा में 94.2 फीसद अंक हासिल किये। कुल अंक 600 में 565 अंक हासिल करने वाली मनिका आगे चल कर कंप्यूटर के क्षेत्र में करियर बनाना चाहती हैं।

अमर उजाला
बृहस्पतिवार • 16.07.2020
kanpur.amarujala.com
03

# छह साल से लगातार अव्वल आ रहीं छात्राएं



सर पदमपत सिंहानिया स्कूल के बच्चे व स्टाफ।

कानपुर। केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) के रिजल्ट में छात्राओं का एक बार फिर दबदबा रहा। छात्रों के सापेक्ष अधिक छात्राएं पास हुईं। यहीं नहीं चारों जिलों के मुकाबले शहर की छात्राओं का दबदबा रहा है। पिछले छह सालों से लगातार छात्राएं ही शीर्ष पर चल रही हैं।

हर साल की तरह इस साल भी अधिक छात्राओं के पास होने का रिकार्ड बरकरार रहा। इस साल 94.27 फीसदी छात्र अव्वल रहे तो 95.90 फीसदी छात्राओं ने बाजी मारी। यहीं नहीं सिटी की टॉप टू पोजिशन में छात्राओं का ही दबदबा रहा। आर्चीज हायर सेकेंडरी स्कूल की शिखा ठाकुर 98.8 फीसदी के साथ टॉपर और सर पदमपत सिंहानिया एजूकेशन सेंटर की ज्योत्सना मिश्रा 98.6 फीसदी अंक के साथ दूसरे स्थान पर रहीं। प्रयागराज, लखनऊ, वाराणसी और गोरखपुर को पछाड़ कर शहर की छात्राओं ने बाजी मारी।

**ऐसे छाईं हैं छात्राएं**

| साल | छात्र | छात्राएं |
|---|---|---|
| 2014 | 95.21 | 98.11 |
| 2015 | 96.43 | 98.65 |
| 2016 | 97.23 | 99.45 |
| 2017 | 98.75 | 99.07 |
| 2018 | 90.56 | 94.32 |
| 2019 | 95.89 | 98.13 |

**जिलेवार परिणाम**

| | | |
|---|---|---|
| कानपुर | 94.27 | 95.90 |
| लखनऊ | 94.48 | 95.71 |
| प्रयागराज | 89.07 | 91.47 |
| वाराणसी | 85.64 | 88.61 |
| गोरखपुर | 86.63 | 89.02 |

# अभय-ज्योत्सना का शहर में दूसरा स्थान

## सिविल सेवाओं में जाना चाहते अभय

| | |
|---|---|
| अंग्रेजी | 100 |
| हिंदी | 98 |
| साइंस | 97 |
| मैथ | 99 |
| सो. साइंस | 99 |



अभय त्रिपाठी को मिठाई खिलाते अभिभावक।

श्री सनातन धर्म एजूकेशन सेंटर के छात्र अभय त्रिपाठी ने सीबीएसई दसवीं के परिणामों में 98.6 प्रतिशत अंक पाकर शहर में दूसरा स्थान पाया है। पिता अतुल मेडिकल स्टोर संचालक और मां सरिता गृहिणी हैं। बड़े भाई शिवांशु आईआईटी जम्मू से बीटेक कर रहे हैं। दर्शनपुरवा निवासी अभय ने बताया कि भाई की तरह आईआईटी से बीटेक करने के बाद सिविल सेवाओं में जाकर प्रशासनिक व्यवस्थाओं को सुदृढ़ करना चाहते हैं। बताया कि क्लास में थ्यारी से ज्यादा प्रैक्टिकल पर जोर दिया जाए तो बेहतर है।

## वकील बनना चाहती हैं ज्योत्सना



मां अंजलि के साथ ज्योत्सना।

कोर्ट में वकीलों की जिरह, उनके काम करने के तरीके ने शुरू से प्रभावित किया है। काबिल वकील बनने के सपने को सच करना चाहती हूं। यह कहना है सर पदमपत सिंहानिया एजूकेशन सेंटर की छात्रा ज्योत्सना मिश्रा का। ज्योत्सना ने 98.6 फीसदी अंकों के साथ शहर में दूसरा स्थान प्राप्त किया है। विकास नगर निवासी पिता प्रभात मिश्रा पीएनबी लखनऊ में एजीएम हैं और मां अंजलि डीबीएस कॉलेज में केमिस्ट्री विभाग में प्रोफेसर हैं। ज्योत्सना को किताबें पढ़ने और गाना गाने का शौक है। बताया कि हर परेशानी का हल होता है, हताश होने की आवश्यकता नहीं है।

| | |
|---|---|
| अंग्रेजी | 99 |
| मैथ | 99 |
| हिंदी | 98 |
| सो. स्टडी | 98 |
| साइंस | 99 |

## शहर के टॉप-10 छात्र-छात्राएं

1- **शिखा ठाकुर** : आर्चीज हायर सेकेंडरी स्कूल, 98.8%

2- **ज्योत्सना मिश्रा** : सर पदमपत सिंहानिया एजूकेशन सेंटर : 98.6 फीसदी

2-**अभय त्रिपाठी** : सनातन धर्म एजूकेशन सेंटर : 98.6%

3- **अविरल शर्मा** : डॉ. वीरेंद्र स्वरूप एजूकेशन सेंटर, पनकी: 98.4 फीसदी

3- **शोखी गुप्ता** : डीपीएस, कल्याणपुर: 98.4%

4-**अक्षत अग्रवाल** : सर पदमपत सिंहानिया एजूकेशन सेंटर: 98.2 फीसदी

4-**श्रेया सिन्हा** : ऑक्सफोर्ड मॉडल स्कूल: 98.2 %

4- **अनुष्का त्रिपाठी** : आर्मी पब्लिक स्कूल, कैंट: 98.2%

4- **कुंदन कुमार** : पं. दीनदयाल उपाध्याय सनातन धर्म विद्यालय: 98.2 फीसदी

5-**तन्मय सचान** : दिल्ली 97.60%

7- **तान्या सिंह**: डॉ. वीरेंद्र स्वरूप एजूकेशन सेंटर, श्याम नगर 97.60%

8- **कनिष्का सक्सेना**: दिल्ली पब्लिक स्कूल, कल्याणपुर: 97.40 फीसदी

8- **शिवांश चौधरी**: सर पदमपत सिंहानिया एजूकेशन सेंटर: 97.40 फीसदी

8- **स्वरित श्रीवास्तव**: डॉ. वीरेंद्र स्वरूप एजूकेशन सेंटर, श्याम नगर: 97.40%

8-**अतिरंतेय सिंह**: डॉ. वीरेंद्र स्वरूप एजूकेशन सेंटर, पनकी: 97.40%

8-**अदीबा आलम अंसारी**: डॉ. वीरेंद्र स्वरूप एजूकेशन सेंटर, पनकी: 97.40%

9-**आर्यन शुक्ला** : एमपीईसी: 97.20 फीसदी

9-**पन्दाला गोविंद**: डॉ. वीरेंद्र स्वरूप एजूकेशन सेंटर, पनकी: 97.20 फीसदी

5- **सक्षम रोहतगी** : एलन हाउस स्कूल, 98 फीसदी

5-**अशिता सिंह**: आर्चीज हायर सेकेंडरी स्कूल: 98 %

5-**वैष्णवी सिंह गौर**: डॉ. वीरेंद्र स्वरूप एजूकेशन सेंटर, श्याम नगर: 98 फीसदी

6- **अंजुल सचान**: गुरुनानक मॉडर्न स्कूल : 97.80%

6- **नेहा ठाकुर**: आर्चीज हायर सेकेंडरी स्कूल, श्यामनगर: 97.80

6- **अभिज्ञान त्रिपाठी**: दिल्ली पब्लिक स्कूल, कल्याणपुर: 97.80 फीसदी

6- **शुभि यादव**: दिल्ली पब्लिक स्कूल, कल्याणपुर: 97.80%

6- **ध्रुव शर्मा** : केडीएमए स्कूल, 97.80 फीसदी

6- **स्नेहा ठाकुर**: आर्चीज हायर सेकेंडरी स्कूल: 97.80 फीसदी

7- **नेहल मिश्रा**: दिल्ली पब्लिक स्कूल, कल्याणपुर:

9 -**रिषभ सिंह**: डॉ. वीरेंद्र स्वरूप एजूकेशन सेंटर, पनकी: 97.20 फीसदी

9-**श्रेष्ठ कौशिक**: डॉ. वीरेंद्र स्वरूप एजूकेशन सेंटर, पनकी: 97.20 फीसदी

9-**पीयूष त्रिवेदी**: फ्लोरेट्स इंटरनेशनल स्कूल, पनकी: 97.20 फीसदी

9-**विशाल तिवारी**: पं. दीनदयाल उपाध्याय सनातन धर्म विद्यालय: 97.20 फीसदी

9-**सौम्या तिवारी**: डॉ. वीरेंद्र स्वरूप एजूकेशन सेंटर, श्याम नगर: 97.2 फीसदी

10-**आर्यन सावन**: सनातन धर्म एजूकेशन सेंटर : 97%

10-**मनस्वी यादव**: सनातन धर्म एजूकेशन सेंटर कौशलपुरी: 97 फीसदी

10-**शिवांश पांडे**: सेंट जोसेफ, लाल बंगला: 97 फीसदी

10-**अपूर्व शुक्ला**: डॉ. वीरेंद्र स्वरूप एजूकेशन सेंटर, श्याम नगर, 97 फीसदी

# AMAR UJALA

अमर उजाला

16/7/2020

## सीरियल देख ठाना, कॉरपोरेट लॉयर बनूंगा




परिवार के साथ अक्षत अग्रवाल।

अमेरिका के टीवी सीरियल सूट्स को देखकर ही ठान लिया था कि कॉरपोरेट लॉयर बनकर अपना भविष्य संवारना है। यह कहना है कि सर पदमपत सिंहानिया एजूकेशन सेंटर के छात्र अक्षत अग्रवाल का। अक्षत ने 98.2 फीसदी अंक अर्जित कर शहर में चौथा स्थान पाया है। अक्षत कहते हैं कि युवाओं के लिए कॉरपोरेट लॉ काफी आकर्षक कॅरियर साबित हो रहा है। स्वरूप नगर निवासी अक्षत के पिता अखिल बिजनेसमैन और मां निमिष सनातन धर्म एजूकेशन सेंटर में अंग्रेजी की शिक्षिका हैं। अक्षत पढ़ाई के अलावा ड्रामा और स्कूल एक्टिविटी में भी आगे रहते हैं।

| | |
|---|---|
| अंग्रेजी | 97 |
| हिंदी | 97 |
| मैथ | 100 |
| सो. स्टडीज | 99 |
| साइंस | 98 |

## डॉक्टर दंपति का पुत्र बनना चाहता वकील



मां एवं पिता के साथ शिवांश।

सर पदमपत सिंहानिया एजूकेशन सेंटर के छात्र शिवांश चौधरी ने 97.4 अंक पाकर सिटी में आठवां स्थान पाया है। स्वरूप नगर निवासी शिवांश क्लैट का पेपर देकर नेशनल लॉ स्कूल बंगलूरू से विधि की पढ़ाई करके वकील बनना चाहते हैं। बताया कि असहाय लोगों की मदद करके उनको न्याय दिलाना ही उनका सपना है। पिता डॉ. हिमांशु चौधरी यूरोलॉजिस्ट और मां रिंकी चौधरी स्त्री रोग विशेषज्ञ हैं।



96.4%
वृंदा गुप्ता
सर पदमपत सिंहानिया



96%
मृदुल जैन
सर पदमपत सिंहानिया

कानपुर, 16 जुलाई, 2020 दैनिक जागरण

# सात घंटे की पढ़ाई से ज्योत्सना को मिले 98.6 फीसद अंक



सीबीएसई हाईस्कूल की परीक्षा में 98.6 प्रतिशत अंक लाने वाली सर पदमपत सिंहानिया एजुकेशन सेंटर की छात्रा ज्योत्स्ना मिश्रा अपनी मां अंजली के साथ • स्वयं

जास, कानपुर : दो, तीन या चार नहीं, नियमित रूप से सात घंटे तक पढ़ाई करके विकास नगर निवासी ज्योत्सना मिश्रा ने सीबीएसई 10वीं के परिणाम में 98.6 फीसद अंक हासिल किए हैं। यह मेधावी छात्रा बेबाक होकर कहती है, कि केवल परीक्षाओं के समय पढ़ाई के लिए जूझने से अच्छा है रोज पढ़ना। देर रात तक जागकर तैयारी करने वाली व सर पदमपत सिंहानिया एजूकेशन सेंटर की छात्रा ज्योत्सना को फैंटेसी स्टोरीज वाली किताबें पढ़ना और गाने सुनना खूब भाता है। खेलों में जहां पहली पसंद बैडमिंटन है, वहीं इतिहास पसंदीदा विषय है। ज्योत्सना भविष्य में वकील बनना चाहती हैं। पिता प्रभात मिश्रा पंजाब नेशनल बैंक में एजीएम हैं, जबकि माता अंजली मिश्रा डीबीएस कॉलेज में सहायक प्रोफेसर हैं।



रिजल्ट आने के बाद खुशी का इजहार करते सर पदमपत सिंहानिया एजुकेशन सेंटर के विद्यार्थी व शिक्षक • प्रबंधन

कमला नगर स्थित सर पदमपत सिंहानिया एजूकेशन सेंटर की छात्रा ज्योत्सना मिश्रा व कौशलपुरी स्थित श्री सनातन धर्म एजूकेशन सेंटर के छात्र अभय त्रिपाठी को संयुक्त रूप से 98.6 फीसद अंक मिले। दिल्ली पब्लिक स्कूल कल्याणपुर की छात्रा शोखी गुप्ता व वीरेंद्र स्वरूप एजुकेशन सेंटर पनकी के छात्र अविरल शर्मा ने 98.4 फीसद अंक हासिल किए। दोपहर करीब पौने एक बजे सीबीएसई का परीक्षा परिणाम घोषित कर दिया गया।



फातिमा रूमी, 97.8 प्रतिशत, सर पदमपत सिंघानिया



हर्ष तिवारी, 96 प्रतिशत, सर पदमपत सिंहानिया

THE TIMES OF INDIA

THE TIMES OF INDIA, KANPUR
THURSDAY, JULY 16, 2020

# CBSE class X result: City's Jyotsna, Abhay score 98.6%

TIMES NEWS NETWORK

**Kanpur:** The Central Board of Secondary Education announced class X results on Wednesday. The students were anxious about their results as they were expecting it on Tuesday.

Students of all prominent schools of the city have passed the board exam with flying colours.

CBSE city coordinator Balwinder Singh said that the board has not declared any topper this year due to the corona pandemic.

Jyotsna Mishra of Sir Padampat Singhania Education Centre and Abhay Tripathi of Sanatan Dharam Education Centre both scored 98.6 percent marks while Akshat Agarwal of the same school scored 98.2 percent marks followed by by Shivansh Chaudhary who scored 97.4 percent marks. Shikhar Agarwal and Yash Gupta both students of Sir Padampat Singhania Education Centre scored 96.6 percent marks each.

The other students who scored high marks were Ujjwal Sinha, Vrinda Gupta, Pratham Jaiswal, Vanshaj Srivastava, Shashwat Singh, Mridul Jain, Anant Singh, Anant Singh, Jhanvi Saxena, Shreya Srivastava, Nitya Jain, Kavya Jindal, Akshat Mishra, Anisha Manchanda, Ribhav Ratnesh Tiwari, Ananya Malhotra and Harsh Tiwari. All of them scored above 95 percent marks.

Om Chauhan






Students enjoy their success after the CBSE class X results were declared on Wednesday